एक नजर में

विधायक ने की 5 लाख की घोषणा

राजगढ़ 02 फरवरी, का. नगर में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. भव्य चल समारोह निकाला गया. भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर समाज की उन्नति और सुख-समृद्धि की कामना की गई. बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. चल समारोह मंगल भवन से प्रारंभ हुआ. जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चल समारोह संकट मोचन स्थित सामाजिक मंदिर पर पहुंचा. यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव ने सामाजिक विकास निर्माण कार्य हेतु विधायक निधि से 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की.

अभिभाषक संघ का शपथ विधि समारोह संपन्न

नरसिंहगढ़ 02 फरवरी, सं. कोर्ट परिसर में शनिवार शाम आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को न्यायाधीशों की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में बतौर अतिथि न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई, मीनू पचौरी एवं एसडीएम सुशील कुमार उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया .शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिला जज द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में न्यायालय की गरिमा बनाए रखने, निष्पक्षता एवं समाज को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला .अभिभाषक संघ द्वारा सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया. समारोह के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा वरिष्ठ अभिभाषकों का सम्मान किया गया. साथ ही पुष्पवर्षा कर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं का अभिनंदन भी किया गया. इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश यादव, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश दांगी, सचिव ललित शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सहसचिव सरिता जाटव, ग्रंथपाल कैलाश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे.

बारिश : सड़क पर मची फिसलन

ब्यावरा 02 फरवरी, का. आसमान में छाए बादलों के बीच रविवार की शाम को एकाएक मौसम ने करवट ली और हल्की बारिश शुरु हो गई, बारिश के कारण साइडो एवं सड़क पर कीचड़ मच गया और फिसलन होने लगी. जिसके कारण दुपहिया वाहनों के फिसलने का डर बना रहा. मौसम के बदले मिजाज के बीच रुक- रुककर हल्की बारिश हो रही है, जैसे ही बारिश होती है तो नगर के पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास, सुठालिया रोड, रेलवे स्टेशन रोड व अन्य मुख्य मार्गो पर कीचड़ मच जाता है, कीचड़ मचने से दुपहिया वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है. गौरतलब है कि थोड़ी बहुत बारिश होते ही नगर की सड़को पर भयावह कीचड़ मच जाता है. पुराना ए.बी.रोड पर साइड में पैवर्स लगाए जा चुके है बावजूद इसके कीचड़ की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जबकि राजगढ़ रोड व अन्य मुख्य मार्गो पर साइडे अभी कच्ची ही है, जिससे बारिश में कीचड़ की समस्या अधिक रहती है.

बिजली नहीं मिलने पर किसानों का हाईवे जाम

ब्यावरा-राजगढ़ रोड पर हिरणखेड़ी जोड़ के यहां देर तक जाम से वाहनों की लगी कतारें

एम्बुलेंस को रास्ता देकर निकाला, सैकड़ों वाहन फंसे रहे जाम में

नवभारत न्यूज

राजगढ़/ब्यावरा 02 फरवरी, का. कई दिनों से बिजली संकट झेल रहे किसानों ने परेशान होकर मजबूरन सोमवार को हाईवे स्थित ब्यावरा-राजगढ़ रोड हिरणखेड़ी जोड़ पर मूंडला विद्युत ग्रीड के यहां चक्काजाम कर दिया.

एक घंटे से अधिक समय तक रहे चक्काजाम में मार्ग के दोनों और वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गई. जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे. अधिकरियों द्वारा काफी समझाईश देते हुए चक्काजाम खत्म करने को कहा गया किंतु किसान समुचित बिजली दिए जाने की मांग करते रहे. आखिरकार पर्याप्त बिजली सप्लाई का भरोसा दिए जाने के बाद चक्काजाम समाप्त हो सका.

किसानों का कहना है कि वर्तमान में कई दिन से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली नहीं है, सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है. शासन द्वारा लगभग 10 घंटे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई के निर्देश है, जबकि कुछ समय के लिए ही बिजली मिल पा रही है. सिंचाई नहीं कर पा रहे है, विगत कई दिन से बिजली नहीं होने से पशुओं के लिए पीने के पानी तक की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

अब गांव में ग्रीड फिर भी परेशानी - जानकारी के अनुसार ग्राम मूंडला व अन्य गांवों में पूर्व में कालीपीठ ग्रीड से बिजली सप्लाई थी. ग्राम मूंडला में विद्युत ग्रीड बनने पर अब यहीं से बिजली सप्लाई की जाती है किंतु गांव में ही ग्रीड होने से परेशानी कम होने की बजाय और बढ़ गई है.

फसल में सिंचाई नहीं कर पा रहे - किसानों का कहना है कि पानी नहीं मिलने से वह गेहूं व अन्य फसलों में सिंचाई नहीं कर पा रहे है. वह तो मौसम साथ दे रहा है. बिजली संकट को लेकर कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया किंतु कोई सुनने को तैयार नहीं, बिजली नहीं मिलने से अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

एक घंटे बाद पहुंचे अधिकारी - चक्काजाम के एक घंटे बाद विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा किसानों से चर्चा कर समझाईश दी गई. समुचित बिजली दिए जाने के पूर्ण भरोसे के बाद आखिरकार चक्काजाम समाप्त कर दिया गया.

हर समय फाल्ट होने का हवाला देते - ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश समय बिजली गुल रहती है, इसका कारण पूछा जाता है तो बस एक ही बात कर्मचारियों द्वारा कही जाती है कि अभी फाल्ट है. आये दिन बिजली फाल्ट होने की बात कही जाकर लम्बे समय तक बिजली गुल रखी जा रही है. हाल ही में कुछ दिनों से बिजली नहीं होने के कारण पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना किसानों को करना पड़ रहा है. सिंचाई नहीं हो पा रही है,ग्राम मूंडला, खानपुरा, खांडियापुरा सहित अन्य गांवों में बिजली नहीं होने से किसान खासे परेशान है. किसानों के अनुसार बमुश्किल एक घंटे बिजली मिल पा रही है.

हमारी बात नहीं सुनी जाती है

चक्काजाम के दौरान ग्रामीणों का कहना था कि यहां का स्टॉफ मानों जानबूझकर परेशान करता है. किसी की बात सुनी नहीं जाती. जानबूझकर बिजली संकट खड़ा किया जा रहा है .किसानों की बात नहीं सुनी जाती है, मजबूरन चक्काजाम का सहारा लेना पड़ा. अधिकतर समय बिजली नहीं रहती है .ग्रामीणों द्वारा यहां तैनात स्टॉफ को बदलने की मांग भी की गई.

चक्काजाम मामले में प्रकरण दर्ज

ग्राम मूंडला में बिजली बिल की बकाया राशि को लेकर विद्युत सप्लाई बंद होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने हिरणखेड़ी जोड़ के समीप हाईवे पर चक्का जाम कर दिया था. हाईवे अवरुद्ध रहने से वाहनों की आवाजाही बाधित रही. पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाईश देकर मार्ग खुलवाया. इस मामले में 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना कोतवाली राजगढ़ में धारा 126 (2), 191(2) बीएनएस तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा 8 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है. इस संबंध में विभाग का कहना है कि ग्राम मूंडला में दो ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई है. यहां 72 विद्युत कनेक्शन है .डीई राजेन्द्र रंजन के अनुसार इन कनेक्शन पर करीब 8 लाख रुपये बिल के बकाया है .जिसके चलते 28 जनवरी को यहां ट्रांसफार्मर से कनेक्शन डिसकनेक्ट किया गया. बकाया राशि जमा करने आज गांव में केम्प लगाया जाएगा .यदि राशि जमा हो जाती है तो बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी.

चलती कार धू-धू कर सुलगी

वाहन को रोककर सभी सुरक्षित बाहर निकले

राजगढ़ में रविवार की रात्रि को हुई घटना, कार में सवार लोग बाल-बाल बचे

नवभारत न्यूज

राजगढ़/ब्यावरा 02 फरवरी, सं. रविवार की रात्रि में राजगढ़ स्थित खिलचीपुर नाके के समीप हाईवे पर एक चलती कार में एकाएक आग सुलग उठी, धू-धू कर कार बुरी तरह सुलग उठी. कार में सवार लोगों ने तत्परता दिखाते हुए अपने आप को बचाया. कार ब्यावरा से राजस्थान जा रही थी.

जानकारी के अनुसार राजगढ़ में खिलचीपुर नाके क यहां रविवार की रात्रि लगभग 10 बजे उक्त कार में एकाएक धुआं उठते देख चालक ने तुरंत कार को रोका तथा कार में सवार तीनों लोग भी तुरंत कार से सुरक्षित बाहर निकल आये. देखते ही देखते कार से आग की ऊंची लपटे निकलने लगी.

अफरा-तफरी मची

हाईवे पर कार से आग की ऊंची लपटे देख कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का वातावरण बन गया.

हाईवे पर कई वाहन चालको ने अपने वाहन रोक लिये. जानकारी लगते ही पुलिस और नपा की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया जा सका किंतु तब तक कार में आग से काफी नुकसान हो चुका था.

बताया जाता है कि कार में सवार लोग ब्यावरा से बूंदी जा रहे थे. खिलचीपुर नाके के पास अचानक चलती कार में आग सुलग उठी. तुरंत वाहन को रोककर सभी सुरक्षित बाहर निकले.

रात्रि में हो रही देवनारायण भगवान की कथा

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

नवभारत न्यूज

राजगढ़ जिले के ग्राम बगा, फतुखेडी क्षेत्र में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं देवनारायण भगवान कथा का विशाल धार्मिक आयोजन किया जा रहा है. जो पूरे अंचल को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर देगा. यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी नई दिशा देगा.

इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ माघ शुक्ल पूर्णिमा, रविवार को विधिविधान के साथ कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ हुई. कलश यात्रा गांव की गलियों में भक्ति गीतों, शंखनाद और जयकारों से भर गई. कथा का समापन शनिवार 07 फरवरी को होगा.

श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक की जा रही है. वहीं रात्रिकालीन सत्र में रात 8 बजे से हरि इच्छा तक देवनारायण भगवान कथा का आयोजन चल रहा है. इस भव्य आयोजन में भागवत कथा प्रवचन साध्वी बाईसा (गोसेवा कुंज आश्रम, उज्जैन) द्वारा की जा रही है. देवनारायण भगवान कथा का वाचन रामबाबू गुर्जर सुल्तानीद्वारा किया जा रहा है.

यह आयोजन स्थल देवनारायण मंदिर समिति, ग्राम बगा, फलखेडी, देहरी ठाकुर, बडाकुआ, गुराडिया, करनपुरा द्वारा किया जा रहा है. आयोजन समिति द्वारा बैठने, प्रकाश, पेयजल, साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे श्रद्धालु निर्बाध रूप से कथा श्रवण कर सकें.

इस धार्मिक आयोजन का संयोजन देवनारायण मंदिर समिति ग्राम बगा द्वारा क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों के सहयोग से किया जा रहा है।

उल्लास के साथ मनाई जयंती

सारंगपुर 02 फरवरी, सं. संत शिरोमणि रविदास महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर समाज ने चल समारोह का आयोजन किया. संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर पूजा आरती कर भव्य कलश यात्रा चल समारोह का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी सारंगपुर के संयुक्त नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख बहादुर के प्रतिष्ठान न्यू इंडिया एग्रो इंडस्ट्री के सामने स्वागत रखा गया. इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रदीप सादानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख बहादुर, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विक्रम सिंह बेस, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष डॉ हेमंत सिंह सोलंकी, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष शेख जावेद, वरिष्ठ नेता हाफिज मेव, मंडल अध्यक्ष महेश सोनी, रामचरण नायक, मुश्ताक अंसारी, बाबूलाल पटेल, इसरार खान, अजय जाटव जिला कांग्रेस महा मंत्री सहित निताम कुरैशी मौजूद रहे.

बाबा बैजनाथ धाम पर होगा पांच दिवसीय आयोजन

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरु, खोयरी धाम स्थल पर होंगे धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 02 फरवरी, का. महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में राजगढ़ के खोयरी धाम स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर ट्रस्ट की बैठक रखी गई.

जिसमें महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी की तैयारियों हेतु विचार विमर्श किया गया. इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर पांच दिवसीय कार्यक्रम 11 फरवरी से प्रारंभ होंगे. बैठक की अध्यक्षता संजय व्यास कांट्रेक्टर ने की. 11 फरवरी को बाबा बैजनाथ का विशेष श्रृंगार तथा पूजन अर्चन किया जाएगा.

12 फरवरी को हल्दी, मेहंदी, केसर लेपन एवं धोली कलश लाये जाएंगे. 13 फरवरी को भजन कीर्तन, रुद्राभिषेक पूजन, 14 फरवरी को अखंड महामृत्युंजय जाप, विल्वपत्र भांग, केसर, चंदन से महारुद्र अभिषेक होगा. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है. परिसर में रंगाई, पुताई तथा विशेष सफाई कार्य किया जा रहा है. बैठक में ट्रस्ट प्रबंधक के.सी. कोसरवाल, सचिव देवेन्द्र सिंह बैस, ट्रस्टी कुलदीप, सिंगी बाबा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. मंदिर विकास की योजनाओं हेतु प्रदेश के नगरीय विकास मंत्र कैलाश विजयवर्गीय एवं उनके सचिव हरीश गुप्ता से चर्चा की गई.

भरतगढ़ हनुमान मंदिर पर हुआ निशुल्क कन्या विवाह

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 02 फरवरी, सं. नगर के प्राचीन भरतगढ़ हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित नि:शुल्क कन्या विवाह कार्यक्रम धार्मिक विधि-विधान एवं सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ. आयोजन के तहत नगर में भव्य बारात निकाली गई. जिसका नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया. ढोल-नगाड़ों की गूंज और मंगल गीतों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए. समाजसेवियों, युवाओं एवं महिला मंडलों की सहभागिता से आयोजन ने सामाजिक एकता और सहयोग का संदेश दिया. मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अनुसार कन्या विवाह से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा नि:शुल्क की गईं.

विश्वकल्याण के कर्तव्य का यादगार पर्व महाशिवरात्रि

ब्रह्मकुमारीज सेवाकेंद्र पर शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 01 फरवरी, का. महाशिवरात्रि परमात्मा शिव के अवतरण तथा विश्वकल्याण के कर्त्तव्य का यादगार पर्व है. महाशिवरात्रि के पर्व का आगाज करते हुए ब्रह्मकुमारीज के शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र द्वारा शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन रखा गया. मोहनीपुरा स्थित नवीन सेवाकेन्द्र भवन का शुभारंभ किया गया.

इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, जिला प्रभारी मधु दीदी राजगढ़, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा देवी, समाजसेवी डॉ. कैलाश मिश्रा,एडव्होकेट चंद्रकांत त्रिपाठी,सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी उपस्थित रहे.

राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि यह नवनिर्मित सेवाकेंद्र न केवल यहां के नियमित सदस्यों के लिए अपितु मोहनीपुरा ग्रामवासियों, ब्यावरावासियों के लिए नव चेतना और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का कार्य करेगा.

श्री विधायक श्री दांगी ने कहा कि हमें प्रति दिन एक घंटे का समय अपने लिए देना चाहिए जिससे सकारात्मक ऊर्जा हमें मिलती रहे. मुख्य वक्ता राजयोगिनी मधु दीदी ने अपने आत्म कल्याण हेतु आध्यात्मिकता को अपनाने तथा राजयोग मेडिटेशन सीखने हेतु प्रेरित किया. शिव ध्वजारोहण के साथ महाआरती की गई.

रामेश्वर दांगी द्वारा आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी, मातृशक्ति एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे.

महायज्ञ सप्तदिवसीय श्री राम कथा, महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन, भंडारे में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

रामचरित मानस लोगों को जीवन जीने की कला सिखाती है

नवभारत न्यूज

पड़ाना 02 फरवरी, सं. नगर में ग्रामीणों के सहयोग से नरसिंह मंदिर के महंत कौशल किशोर दास महाराज के सानिध्य में ग्रामीण बैंक के पीछे परिसर में खेड़ापति हनुमान मंदिर पर शिखर कलश स्थापना को लेकर 7 दिवसीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था जिसका महाप्रसादी के साथ समापन हुआ.

शनिवार शाम को कलश का महाभिषेक महेंद्र परमार पिपलोदा की और से खेड़ापति हनुमान बालाजी सरकार मंदिर के शिखर पर वैदिक रीति-रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ शिखर की स्थापना की गई. इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ और श्रीराम कथा की पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ.

यज्ञाचार्य पंडित पंकज शर्मा जयपुर पंडित राजू शर्मा पंडित कार्तिकेय शर्मा काशी उत्तर प्रदेश ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमानों से पूर्णाहुति दिलाई.

इस धार्मिक आयोजन के अंतिम दिवस श्री राम कथा में कथा वाचिका ऋचा मिश्रा ने रामचरित्र मानस को लोगों को जीवन जीने की कला सिखाती हैं बताया रामचरित्र मानस एक ऐसा ग्रंथ है जिससे लोगों का उद्धार हो जाता है. लोगों को इसका अनुसरण करना चाहिए. कथा के दौरान ऋचा मिश्रा ने माता सीता की बिदाई के दौरान पिता राजा जनक की बेटी विदाई की करुणामय कथा का वर्णन किया. उन्होंने कहा की बेटी कभी पिता की बोझ नहीं होती है और शादी में विदाई के दौरान ऐसा पिता कौन होगा जिसके आंसू नहीं झलके होंगे. उन्होंने बताया कि बेटा से बड़ी बेटी होती है चाहे वह समुद्र पार हो जो हमेशा याद अपने माता-पिता को करती है. अंत में यजमानों सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोगों ने पूर्णाहुति समर्पित कर यज्ञशाला की परिक्रमा लगाई तथा आरती के पश्चात श्री राम भजन कीर्तन के साथ भंडारा चलता रहा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया.

ब्रज की होली लीला का किया मंचन

इस चल रहा है धार्मिक आयोजन में शनिवार की शाम श्री कृष्ण लीला में ब्रज धाम वृंदावन से आए ब्रजभाषी रंग कर्मियों ने श्री कृष्ण लीला महोत्सव के अंतिम दिन बृज की होली लीला का मंचन किया. फूलों का रंग गुलाल लठमार होली का सजीव मंचन किया. कुछ देर के लिए पांडाल होली के रंग में रंग गया जीतू बृजवासी के द्वारा अपना छोटा कद होने के कारण कृष्ण भजनों पर डांस कर लोगों को बहुत गुदगुदाया एवं लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए इस दौरान सभी लोगों के सहयोग से सात दिवसीय यह अनुष्ठान धूमधाम से सपन्न हुआ.

स्वामी रामचरण महाराज की जयंती पर हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 02 फरवरी, सं. समाज के विकास के लिए सभी को संगठित और अनुशासित रहने की आवश्यकता है यह बात अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक संत शिरोमणि विजयवर्गीय समाज के आराध्य स्वामी राम चरण महाराज की जयंती अवसर पर भगवान चतुर्भुज नारायण मंदिर पर आयोजित स्वामी जी की पूजन महाआरती अवसर पर एडवोकेट ओ.पी. विजयवर्गीय ने कही.

इस अवसर पर जनहित में मंदिर के सौंदरीकरण एवं आवश्यक निर्माण किए जाने हेतु समिति गठन का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर शाजापुर से समाजसेवी ओम विजयवर्गीय द्वारा स्वामी जी द्वारा दिए गए मानवता एवं परोपकार के संदेश को उल्लेखित करते हुए मानवता के लिए मृत्यु उपरांत अंगदान एवं नेत्रदान हेतु समाजजनों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया. वर्ष भर के कार्यों का प्रतिवेदन सारंगपुर समाज अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय द्वारा प्रस्तुत किया गया.

इसा मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक संजय विजयवर्गीय गोकुल प्रसाद, विजयवर्गीय बाबूलाल, विजयवर्गीय, योगेश विजयवर्गी, विकास विजयवर्गीय, सुनील विजयवर्गीय, सतीश विजयवर्गी प्रदीप विजयवर्गीय राधे श्याम विजयवर्गीय, चेतन, प्रवीण, मुकेश प्रकाश बृजेश राजेंद्र मनीष सुमित अथर्व सत्यनारायण विजयवर्गीय मातृशक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ.